दिन– बुधवार | दिनांक– 23/04/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल मधुबनी के झंझारपुर में तेरह हजार पांच सौ करोड़ रुपये से अधिक की बुनियादी ढांचा संबंधी विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे।

02. प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर राज्य में हाई अलर्ट घोषित। पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने कहा– सीमा क्षेत्रों, पर्यटन स्थलों और सभी महत्वपूर्ण स्थानों पर सुरक्षा बढ़ाई गयी।

03. पहलगाम आतंकी हमले में निर्दोषों की हत्या किये जाने की सभी राजनीतिक दलों ने की कड़ी निंदा।

04. और, प्रदेश के अधिकतर भागों में भीषण गर्मी से जनजीवन अस्त–व्यस्त। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक हॉट डे का अलर्ट जारी किया।

———————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल मधुबनी के झंझारपुर में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में तेरह हजार पांच सौ करोड़ रुपये से अधिक की बुनियादी ढांचा संबंधी विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री का मुख्य कार्यक्रम झंझारपुर के बिदेश्वर स्थान में होगा। इन पहल से बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों को बेहतर कनेक्टिविटी, सेवाओं और आर्थिक सहायता प्राप्त होगी जो इन्हे विकसित करने में मददगार होगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री देशभर के विभिन्न ग्राम सभाओं को संबोधित करेंगे और विशेष श्रेणी के राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार दो हजार पच्चीस भी प्रदान करेंगे। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कर्यक्रम के दौरान मधुबनी से अत्याधुनिक जयनगर–पटना नमो भारत रैपिड एक्सप्रेस ट्रेन और सहरसा एलटीटी मुंबई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन सहित चार नई ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। प्रधानमंत्री छह केंद्रीय मंत्रालयों से जुड़ी कई प्रमुख बुनियादी ढांचा और कल्याणकारी परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित करेंगे और आधारशिला रखेंगे। परियोजनाओं में एलपीजी बॉटलिंग प्लांट, विद्युतीकरण परियोजनाएं, आवास योजनाएं, रेलवे अवसंरचना और सड़क विकास शामिल हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण और शहरी तथा दीन दयाल अंत्योदय योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत वित्तीय सहायता की राशि भी प्रदान की जायेगी। समारोह के दौरान प्रधानमंत्री बिहार के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आठ लाख लाभार्थियों के लिए आवास निर्माण के संबंध में धनराशि प्रदान करेंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, केंद्रीय पंचायती राजमंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और श्री विजय कुमार सिन्हा और कई अन्य गणमान्य व्यक्ति कार्यक्रम में भाग लेंगे। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से बैजू कुमार झा।

———————————————————

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर दिलीप जायसवाल ने कहा है कि पहलगाम हमले को देखते हुये राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस सादगी के साथ मनाया जायेगा।

———बाईट———

————————————————————————————

प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को देखते हुये सुरक्षा कड़ी कर दी गयी है। जम्मू—कश्मीर में आतंकी हमले के बाद उत्पन्न परिस्थितियों के मद्देनजर सुरक्षा उपायों को और मजबूत बनाया जा रहा है। राज्यभर में हाई अलर्ट जारी किया गया है। पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने बताया कि सभी जिलों में पुलिस को तलाशी अभियान तेज करने और अलर्ट पर रहने के निर्देश दिये गये हैं। पुलिस महानिदेशक ने बताया कि एहतियात के तौर पर राजगीर, बोधगया, पटना समेत विभिन्न महत्पूर्ण स्थानों और पर्यटक स्थलों पर सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। दरभंगा, मधुबनी, समस्तीपुर और नेपाल से सटे सीमा क्षेत्र में विशेष चौकसी बरती जा रही है। सीमा सुरक्षा बल के जवान नेपाल सीमा पर लगातार गश्त और सर्च अभियान चला रहे हैं।

————————————————————————————

पहलगाम आतंकी हमले में निर्दोष लोगों को निशाना बनाये जाने के खिलाफ देशभर में आक्रोश है। राज्य के विभिन्न जिलों में भी इस हमले के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया है। पश्चिम चम्पारण के नरकटियागंज में नागेन्द्र तिवारी चौक पर लोगों ने इस हमले के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इधर, बेगूसराय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने भी आक्रोश मार्च निकाला।

————————————————————————————

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने पहलगाम आतंकी हमले में मासूम पर्यटकों की हत्या की कड़ी निन्दा की है। राज्यपाल ने इस घटना पर गहरी पीड़ा व्यक्त करते हुये कहा कि यह मानवता के विरूद्ध अपराध है।

———बाईट———

इधर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आतंकी हमले में निर्दोष नागरिकों की हत्या पर गहरा दुख प्रकट किया है। श्री कुमार ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट साझा करते हुये कहा है कि यह घटना अत्यंत निंदनीय है। उन्होंने कहा कि आतंक के विरूद्ध पूरा देश एकजुट है।

————————————————————————————

केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा है कि भारत आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के साथ काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद को पूरी तहर समाप्त करना हमारा लक्ष्य है।

———बाईट———

हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के संरक्षक और केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने इसे कायरतापूर्ण कार्य बताया है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब दिये जाने की आवश्यकता है।

———बाईट———

राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने आतंकी हमले में मृतकों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। श्री यादव ने कहा कि इस घटना की निष्पक्षता से जांच होनी चाहिए।

———बाईट———

जदयू के वरिष्ठ नेता के.सी. त्यागी ने इस हमले की कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने कहा कि समूचे राष्ट्र को एकजुट होकर आतंकवाद को जवाब देना होगा। भाजपा के वरिष्ठ नेता और राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन ने कहा कि यह हमला दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि भारत झुकेगा नहीं, हम मिलकर आतंकवाद से मुकाबला करेंगे।

———बाईट———

———————————————————————————

सर्वोच्च न्यायालय ने सत्तरवीं बीपीएससी परीक्षा रद्द करने की मांग को खारिज कर दिया है। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने आज इस संबंध में दायर याचिका पर सुनवाई करते हुये कहा कि पेपर लीक को लेकर अभ्यर्थियों और कोचिंग शिक्षकों के द्वारा पेश सबूत अपर्याप्त हैं। गौरतलब है कि पटना उच्च न्यायालय के बीपीएससी सत्तरवीं परीक्षा रद्द करने संबंधी मांग को पहले ही खारिज कर किये जाने के बाद अभ्यर्थियों ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी।

———————————————————————————

प्रदेश के अधिकांश भागों में अत्यधिक गर्मी और लू की स्थिती बनी हुई है। इससे जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान गया प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां का अधिकतम तापमान बयालीस दशमलव तीन डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना ने अगले तीन दिनों तक प्रदेश के अधिकतर भागों में हॉट डे की चेतावनी जारी की है।

———बाईट———

इधर, केन्द्र सरकार ने सभी कंपनियों और नियोक्ताओं के लिए परामर्श जारी कर मजदुरों की लू से सुरक्षा की उपाय करने को कहा है।

———————————————————————————

अठारह सौ सत्तावन की क्रांति के नायक बाबू वीर कुंवर सिंह के विजयोत्सव—शौर्य दिवस के अवसर पर वायु सेना की सूर्य किरण टीम ने पटना में दो

दिवसीय एयरोबैटिक– एयर शो के अंतिम दिन हैरतअंगेज कारनामों का प्रदर्शन किया। बिहार में पहली बार इस तरह का आयोजन हुआ। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

————————————————————

बाबू वीरकुंवर सिंह के विजयोत्सव के अवसर पर भोजपुर जिला मुख्यालय आरा के कुंवर सिंह पार्क और जगदीशपुर किला में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर स्थानीय सांसद सुदामा प्रसाद, पद्म श्री भीम सिंह भवेश समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। पोप फ्रांसिस के निधन पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय शोक की घोषणा के कारण इस वर्ष राजकीय समारोह सादे ढंग से मनाया गया।

————————————————————

अररिया जिले में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जिले के अलग–अलग थाना क्षेत्रों में छापेमारी कर पुलिस ने पैंतालीस वांछित और फरार अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

————————————————————

पश्चिम चंपारण जिले के बगहा अनुमंडल कार्यालय परिसर में आज से तीन दिवसीय पासपोर्ट शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

————————————————————

शेखपुरा जिले के सहनौरा रेलवे गुमटी के पास मुख्य मार्ग पर एक मोटरसाइकिल सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। इस दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई जबकि दो अन्य युवक घायल हो गए।

————————————————————

अरवल जिले के विभिन्न प्रखंडो में अट्ठाईस अप्रैल से छह मई तक रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा है।

————————————————————

बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रविंद्रन शंकरण के नाम पर सोशल मीडिया में फेक अकाउंट बनाकर पैसों की मांग की जा रही है। श्री शंकरण ने इसकी सूचना मिलने पर लोगों को इस संबंध में सचेत किया है। प्राधिकरण के सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर वीडियो जारी कर उन्होंने ऐसे लोगों के खिलाफ स्थानीय थाने में या साईबर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराने की अपील की है। उन्होंने कहा कि ये एक फ्रॉड है और लोगों को इससे सावधान रहना चाहिए।

————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल मधुबनी के झंझारपुर में तेरह हजार पांच सौ करोड़ रुपये से अधिक की बुनियादी ढांचा संबंधी विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे।

02. प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर राज्य में हाई अलर्ट घोषित। पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने कहा– सीमा क्षेत्रों, पर्यटन स्थलों और सभी महत्वपूर्ण स्थानों पर सुरक्षा बढ़ाई गयी।

03. पहलगाम आतंकी हमले में निर्दोषों की हत्या किये जाने की सभी राजनीतिक दलों ने की कड़ी निंदा।

04. और, प्रदेश के अधिकतर भागों में भीषण गर्मी से जनजीवन अस्त–व्यस्त। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक हॉट डे का अलर्ट जारी किया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन प्रातः आठ बजकर अड़तालीस मिनट से प्रसारित किया जाएगा।